यूपीएसबीसी ने अधिकतम संख्या में पुलों का निर्माण कर रिकॉर्ड बनाया

चर्चा में क्यों?

22 सितंबर, 2021 को उत्तर प्रदेश के उप-मुख्यमंत्री और लोक निर्माण विभाग के प्रभारी केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि **उत्तर प्रदेश राज्य पुल निगम (UPSBC)** ने साढ़े चार वर्षों में सबसे अधिक पुलों का निर्माण करके कीर्तिमान स्थापित किया है।

प्रमुख बिंदु

- उप-मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले साढ़े चार साल में राज्य सरकार ने राज्य को फ्लाईओवर और **रेलवे ओवर ब्रिज (ROB)** के नेटवर्क के माध्यम से विकास की नई ऊँचाइयों पर ले जाते हुए रिकॉर्ड समय में 124 पुल, 54 आरओबी और 355 छोटे पुलों का निर्माण किया है।
- उन्होंने कहा कि राज्य सरकार कुल 1,193 नए पुलों के निर्माण पर तेज़ी से काम कर रही है, जिसमें 121 नए आरओबी, 305 बड़े पुल और 767 छोटे पुल शामिल हैं। इनमें से 260 पुल ऐसे हैं, जिनकी आधारशिला सालों पहले पिछली सरकारों ने रखी थी, लेकिन निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका।
- इसी तरह जो 124 लंबे पुल बने हैं, उनमें से 89 पुल तथा 54 आरओबी में से 35 आरओबी लंबे समय से अधूरे पड़े थे, जिन्हें पिछली सरकारों के दौरान शुरू किया गया था। नए ब्रिज नेटवर्क के साथ, उत्तर प्रदेश देश में सबसे अधिक फ्लाईओवर और सुगम यातायात वाले राज्यों में शामिल हो जाएगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/upsbc-creates-records-by-constructing-the-maximum-number-of-bridges